तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 16 मई 2026




13 मूंग व रागी की खेती से बढ़ेगी किसानों की आयः सीईओ



14 ग्रीष्म अवकाश में प्रतिभा निखारने विद्यार्थी कर रहे कड़ा अभ्यास




हरिभूमि सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 16 मई 2026

कूपन नं. 2


# नियद नेल्लानार योजना से 16 गांव के 1698 घर बारिश से पूर्व बिजली से होंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सरकार की नियद नेल्लानार योजना के तहत बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के सुदूर एवं नक्सल प्रभावित 16 गांवों के 1698 घरों में बारिश शुरू होने से पहले ही बिजली पहुंचेगी। ऐसे क्षेत्रों में विद्युतिकरण हो रही है, जहां दशकों से अंधेरा था, जिससे लोग चिमनी युग में थे। अब बेहद दुर्गम इलाकों में बिजली की लाइनें बिछाई जा रही हैं, जहां 11 केवी लाइन 210 एवं एलटी लाइन 83 किलोमीटर के घने जंगल के रास्ते से बिजली पहुंचाई जा रही ह। साथ ही 61 विद्युत ट्रांसफार्मर लगा रहे हैं। बिजली आने से ग्रामीणों को विशेषकर बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार होने की उम्मीद है। सुकमा जिले के जुनागुड़ा, रायगुड़ा, जब्बागट्टा, मेडवाही, मंडीमारका, मोरपल्ली, नुल्कातोंग आदि 16 गांवों में विद्युत कंपनी की ओर से विद्युतीकरण कार्य तेजी से हो रहा है, जिससे विकास की रोशनी हर अंतिम छोर तक पहुंच सके। बिजली पहुंचने से गांव के बच्चों को पढ़ाई के बेहतर अवसर मिलेंगे, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और ग्रामीणों के आर्थिक उत्थान के नए रास्ते खुलेंगे। दशकों बाद अपने घरों को रोशन होने से ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

अलग खबर

**खास बातें**

- दशकों से अंधेरा होने से ग्रामीण चिमनी युग में थे, अब रोशनी की आस
- बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार होने की उम्मीद





## ठेकेदार को जल्द काम पूरा करने दिए निर्देश

विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान ने बताया कि अंदरूनी क्षेत्र के 16 गांव का विद्युतिकरण प्रगति पर है, जो बारिश से पूर्व रोशन होंगे। इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं।

## योजनाओं का आसानी से उठा पाएंगे

जुनागुड़ा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की सुविधा मिलने से गांव में अब कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अब पहले से बेहतर हो सकेगी, क्योंकि अब वे रात में भी रोशनी में अध्ययन कर सकेंगे। बिजली आने से डिजिटल सेवाओं का विस्तार होगा, जिससे गांव के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

**खबर संक्षेप**

## अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**किरंदुल।** पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर में अवैध शराब पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन एवं एसडीओपी कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय यादव व स्टाफ ने अवैध शराब परिवहन करने वालों के विरूद्ध अभियान शुरू किया हैं।

इस दौरान 15 मई को मुखबिर की सूचना पर किरन्दुल पुलिस ने सीएसईबी कालोनी पटवारी पारा में अवैध रूप से महेन्द्रा मराजो वाहन में रखे शिम्बा बीयर 25 पेटी 300 बाटल, 1 पेटी अंग्रेजी शराब अद्धी का 24 बाटल, 2 पेटी अंग्रेजी शराब पौवा का 96 बाटल कुल शराब मात्रा 45.78 लीटर, कीमत 92040 हजार तथा शराब परिवहन करने में प्रयुक्त महेन्द्रा मराजो वाहन क्रमांक सीजी 10 एटी 2244 को जब्त किया गया है। इस अवैध कार्य में शामिल अमित भदौरिया 34 वर्ष निवासी कुकानार जिला सुकमा, रिषभ राठौर 20 वर्ष निवासी हितावर थाना कुआकोंडा जिला दंतेवाड़ा के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

## पेट्रोल 3.12 व डीजल 3.16 रुपए हुआ महंगा

# पेट्रोलियम की दरें बढ़ने के बाद भी पेट्रोल डीजल पंपों में सुबह से ही लग रही लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पेट्रोल की कीमतों में 3.12 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद शहर में पेट्रोल 105.24 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। वहीं डीजल के दाम में भी 3.16 रुपए का इजाफा हुआ है। इसकी कीमत 98.24 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल एवं डीजल की दरें बढ़ने के बाद भी वाहन चालको इंधन लेने के लिए सुबह से लंबी कतार लगाकर जुटे हुए हैं। पेट्रोल भरवाने आए लोगों ने कहा कि आम आदमी के लिए यह बढ़ोतरी बड़ी परेशानी बनती जा रही है। उनका कहना है कि पेट्रोल और डीजल महंगे होने का असर सीधे रसोई के बजट पर पड़ता है। ट्रांसपोर्ट महंगा होने से दूध, सब्जी, राशन और दूसरी जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ जाते हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए महीने का खर्च चलाना पहले ही मुश्किल हो रहा था। अब तेल की कीमतों ने परेशानी और बढ़ा दी है। खाद्य ▶▶|शेष पेज 12 पर

- शहर के पंप में लगीं कतारें, हो रहे ड्राई



### परिवहन हुआ महंगा तो सब पर पड़ेगा प्रभाव

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि और शार्टेज से सभी लोग हलाकान है। दामों में वृद्धि के बावजूद सभी पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी लाइन लग रही है। शहर के कई पेट्रोल पंप ड्राई भी हो जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से सभी चीजों पर प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि परिवहन महंगा हो जाएगा।

## सैकड़ों ट्रक के पहिए थमें, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय चरमराया

**किरंदुल।** लौह नगरी किरंदुल में इन दिनों पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की भारी किल्लत से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से देर रात तक लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। घंटों इंतजार करने के बावजूद कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

सबसे अधिक परेशानी डीजल की कमी को लेकर सामने आ रही है। डीजल नहीं मिलने से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय चरमरा गई है।



किरंदुल और आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों ट्रक डीजल के इंतजार में खड़े हैं। ट्रक चालकों और ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि कई दिनों से पर्याप्त मात्रा में डीजल नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण माल परिवहन प्रभावित हो रहा है। आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई भी प्रभावित होने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में बाजार में भी असर देखने को मिल सकता है। पेट्रोल पंपों में स्थिति यह है कि जैसे ही टैंकर पहुंचने की खबर मिलती है, लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को कई घंटों तक लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। कई बार स्टॉक खत्म होने के कारण लोगों को बिना पेट्रोल-डीजल लिए वापस लौटना ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बस्तर को विकास की नई धारा से जोड़ने का सुनहरा समय आरंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर सहित समूचे देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के संकल्प को सिद्ध रूप देने के बाद पहली बार बस्तर प्रवास पर आ रहे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत और अभिनन्दन की तैयारियों में भारतीय जनता पार्टी जुट गयी है। आगामी 18 व 19 मई को अमित शाह का बस्तर प्रवास प्रस्तावित है। शुक्रवार को जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने पदाधिकारियों की बैठक ली और केन्द्रीय गृह मंत्री के स्वागत सहित तमाम तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व विधाकक श्री देव ने कहा कि बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के बाद अमित शाह पहली बार बस्तर पहुंच रहे हैं। इस महत्वपूर्ण प्रवास में चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल रहेंगे। गृहमंत्री के आगमन पर सभी तैयारियां पूरी होनी है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री का बस्तर आगमन बेहद महत्वपूर्ण है। बस्तर से लाल आतंक को समूल समाप्त करने का दृढ़ संकल्प पूर्ण हुआ है। अब बस्तर को विकास की ▶▶|शेष पेज 12 पर

- लाल आतंक को समूल समाप्त करने का दृढ़ संकल्प हुआ पूरा : केदार
- केंद्रीय गृहमंत्री शाह के स्वागत अभिनन्दन की तैयारियों में जुटी भाजपा

### ये रहे मौजूद

बैठक में सांसद महेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, रामाश्रय सिंह, रजनीश पाणिग्रही, परीस बेसरा, योगेन्द्र पाण्डेय, ललिता बघेल, सफीरा साहू, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, संतोष बघेल, नीलांबर सेठिया, विनय सोना, रितेश जोशी, सोनबारी भद्रे, रामबती भण्डारी, पूनम सिन्हा, पद्मा कश्यप, बसंत कश्यप, तरूण पाण्डेय, मंगतू कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपचुनावः पार्षद प्रत्याशी रामकृष्ण ने भरा नामांकन

## रैली के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम उपचुनाव में इंदिरा वार्ड के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में राजीव भवन से कलेक्टोरेट के लिए निकली रैली में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसी, युवा कांग्रेस की टीम, एनएसयूआई के छात्र नेता, महिला कांग्रेस की मातृशक्तियां और सेवादल के कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा लिए शामिल थे। श्री मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। हमेशा से ही विकास, जनसेवा, सामाजिक न्याय और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। हम जनता के एक-एक वोट के प्रति जवाबदेह रहेंगे और वार्ड को एक आदर्श वार्ड बनाएंगे। नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पानी, सफाई एवं विकास कार्यों की अनदेखी से आम जनता परेशान है और उपचुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

- पार्षद रही मां अपने पूर्व पार्षद पुत्र के देहांत के बाद तपती धूप में छोटे बेटे के साथ हुईं शामिल



**जनता के साथ हमेशा खड़े रहेंगे :** कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि क्षेत्रवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पूर्व पार्षद स्व. रशीद खान की तरह ▶▶|शेष पेज 12 पर

# पांच बहनों के इकलौते भाई की मौत

## तेज रफ्तार ट्रक ने लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र स्थित केशलूर चौक में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक जगदलपुर स्थित लॉज में काम करने आ रहा था।

- लॉज में कार्यरत था युवक, जगदलपुर आ रहा था तभी ट्रक ने मारी टक्कर

जानकारी के मुताबिक छिंदगड़ तहसील के मारेंगा टिपनपाल निवासी योगेश कुमार नाग 25 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 26 जे 1626 में सवार होकर जगदलपुर आ रहा था। तभी केशलूर के करीब ओवरटेक करने के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 17 केवी 8537 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ▶▶|शेष पेज 12 पर



## विधायक ने विद्यार्थियों को अच्छा कॅरियर बनाने किया प्रेरित

# जीवनकाल में छात्र जीवन होता है सर्वश्रेष्ठ : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, महापौर संजय पांडे तथा पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर अतिथियों ने सम्मानित किया।

- आत्मानंद महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव

शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं की प्रतिभा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा सुनियोजित, रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम है। उन्होंने अपने महाविद्यालय समय के अनुभव को साझा किया। जीवन काल में छात्र जीवन सर्वश्रेष्ठ होता है। अपने पढ़ाई में लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करें। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मन लगाकर अध्ययन करें। छात्र जीवन में अपने प्रतिभाओं को निखारने का सबसे अच्छा माध्यम होता है। भारत का काफी गौरवशाली इतिहास रहा है। युवा पीढ़ी राष्ट्र की शक्ति है। विधायक ने प्राचार्य के प्रतिवेदन में महाविद्यालय के विकास के संबंध में जो मांग रखी उसे जल्द पूरा करने की बात कही।प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान जनभागीदारी के सदस्य दीप्तिपांडे, पार्षद पूनम सिन्हा, योगेश ठाकुर एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### विद्या के साथ संस्कार जरूरी

महापौर संजय पांडे ने कहा कि विद्या के साथ संस्कार का होना आवश्यक है। अपनी संस्कृति एवं संस्कार से जुड़कर रहना है। जीवन काल में अनुशासन, मर्यादा, धैर्यता एवं शिक्षा का होना जरूरी है। पूर्व विधायक डा. कश्यप ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए वार्षिक उत्सव का दिन ऐतिहासिक होता है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लक्ष्य को प्राप्त करना है।




**खबर संक्षेप**

## 14 ग्राम पंचायतों में 1 जून को होगा मतदान

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पदों के रिक्त पदों हेतु उप निर्वाचन कराया जाएगा। मतदान 1 जून को संपन्न होगा। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत फूलनार, केशापुर एवं मेटापाल-1, जनपद पंचायत गीदम के तुमरीगुण्डा, चेरपाल, झोडियाबाडम एवं सियानार, जनपद पंचायत कटेकल्याण के टेटम एवं मारजूम तथा जनपद पंचायत कुआकोंडा के अरनपुर, मदाड़ी, कडमपाल, जबेली एवं पालनार ग्राम पंचायतों में उप निर्वाचन कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया 11 मई से प्रारंभ हो चुकी है।

## उपनिवार्चनः सामान्य प्रेक्षक बनाई गईं शमा फारूखी



**दंतेवाड़ा।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिले में होने वाले पंचायत उप निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षक के रूप में शमा फारूखी को नियुक्त किया गया है। निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए सामान्य प्रेक्षक से प्रतिदिन अपरान्ह 2 बजे से 6 बजे तक सर्किट हाउस कक्ष-2 में संपर्क किया जा सकता है। जिले में पंचायत उप निर्वाचन के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक द्वारा जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से चर्चा किया गया।

## 5 वर्षीय योगेश को मिली दिव्यांग पेंशन की सौगात




**जगदलपुर।** बस्तर जिले के लोहांडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत धुरागांव में आयोजित सुशासन शिविर के दौरान प्रशासन की संवेदनशीलता के चलते दिव्यांग किशोर को तत्काल राहत पहुंचाई गई। थबीर राम मंडावी के 15 वर्षीय पुत्र योगेश, जो पैर से दिव्यांग हैं आज शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की। योगेश का दिव्यांग पेंशन प्रकरण मौके पर तैयार किया गया आज ही पेंशन स्वीकृत कर दी गई। इस दौरान योगेश और उसके पिता के सयुंक्त नाम पर बैंक खाता भी खोला गया ताकि पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान किया जा सके।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 50 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मर्दापाल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 50 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि शासन महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने महतारी वंदन योजना और लखपति दीदी योजना का उल्लेख करते हुए महिलाओं की आर्थिक मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 35–35 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए।

**पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न हुआ विवाह –** सामूहिक विवाह कार्यक्रम पारंपरिक रीति–रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ। नवदंपत्तियों के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई गई।

### मर्दापाल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन



### अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार श्री विजय प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शासन की योजनाओं से बढ़ रहा आजीविका का संबल

# सुशासन तिहार में मछली पालन समिति को मिला आधुनिक जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है।

- समस्याओं का मौके पर किया जा रहा निराकरण

सामुदायिक भवन कोण्डागांव में आयोजित शिविर में मत्स्य पालन विभाग द्वारा मछली पालन सहकारी समिति मर्यादित डीएनके, विकासखंड कोण्डागांव के सदस्यों को आधुनिक मछली पकड़ने के जाल वितरित किए गए। समिति के सदस्य प्रेम चंद राय एवं बसंत सैमुएल को विभागीय योजना के तहत जाल प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने बताया कि पहले संसाधनों की कमी के कारण मछली पकड़ने में कठिनाई होती थी, जिससे उत्पादन प्रभावित होता था। आधुनिक जाल मिलने से अब मछली संग्रहण कार्य अधिक आसान और प्रभावी होगा तथा आय बढ़ने की संभावना भी है। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शासन का उद्देश्य मत्स्य पालकों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। विभाग द्वारा समय–समय पर प्रशिक्षण, उपकरण और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।



### ग्रामीणों में बढ़ा शासन के प्रति विश्वास –

सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्लेसमेंट कैंप में 48 को मिली नौकरी, कलेक्टर और नपा अध्यक्ष ने बढाया युवाओं का उत्साह

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार कार्यालय में 954 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल एवं पार्षद संतोष पात्र ने युवाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि करियर की शुरुआत में संघर्ष जरूर होता है, लेकिन पहली नौकरी से महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होता है। उन्होंने युवाओं को रोजगार अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि हर नौकरी भविष्य के बेहतर अवसरों का रास्ता खोलती है। युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले में निजी संस्थानों द्वारा विभिन्न 954 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संचालित की गई। प्लेसमेंट कैंप में कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 128 आवेदकों



का प्रारंभिक चयन किया गया तथा 48 युवाओं का मौके पर ही अंतिम चयन हुआ। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, तहसीलदार मनोज रावटे, रोजगार अधिकारी भगतराम ठाकुर, सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# जिले में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- अफवाहों से बचने की अपील
- कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

जिले में पेट्रोल–डीजल की कमी की अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्र में ईंधन उपलब्ध है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर के नेतृत्व में पेट्रोल पंप संचालकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि आम नागरिकों द्वारा आवश्यकता से अधिक पेट्रोल–डीजल खरीदे जाने के कारण पंपों पर भीड़ बढ़ी है, जिससे नियमित सप्लाई प्रभावित हुई है। हालांकि ऑयल कंपनियों द्वारा जिले की दैनिक जरूरत के अनुसार लगातार सप्लाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोल–डीजल का भंडारण न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है।

# अस्वच्छ व्यवसाय से जुड़े परिवार के बच्चों को दी जाएगी छात्रवृत्ति

**जगदलपुर।** अस्वच्छ व्यवसाय शुष्क शौचालयों की सफाई, चर्म शोधन, चमड़ा निकालने, कचरा बीनने और खतरनाक अपशिष्ट की सफाई के काम में लगे परिवार के बच्चों की शिक्षा को सुगम बनाने के लिए इस शैक्षणिक सत्र में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार कक्षा पहली से दसवीं तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए शासन ने बड़ा बदलाव किया है। अब विद्यार्थियों के पालकों को अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण-पत्र भी जाति, निवास और आय प्रमाण-पत्र की तरह ऑनलाइन जारी किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र के परिप्रेक्ष्य में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के समन्वय से चिप्स ने इस ऑनलाइन व्यवस्था को तैयार कर लाइव कर दिया है। अब पात्र परिवार लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से एसडीएम या तहसीलदार से इस प्रमाण-पत्र को आसानी से ऑनलाइन बनवा सकते हैं।

योजना का लाभ हर जरुरतमंद तक पहुंचाने के लिए बस्तर के जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के अंतर्गत संचालित होने वाले सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों और प्रधान पाठकों को निर्देश जारी किए हैं। सभी विद्यालय अपने विकासखंड और शाला अंतर्गत आने वाले ऐसे परिवारों के बच्चों की पहचान करें और इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। शासन की इस मंशा के अनुरूप सभी पात्र विद्यार्थियों का ऑनलाइन प्रमाण-पत्र और छात्रवृत्ति आवेदन समय पर पूरा कराने की जिम्मेदारी स्कूल प्रमुखों को सौंपी गई है।

# धौड़ाई को मिली 108 एंबुलेंस की सौगात

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जनकल्याणकारी सोच के तहत जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से जुड़े ग्राम धौडाई क्षेत्र को आज 108 एंबुलेंस सेवा की बड़ी सौगात मिली। जिससे ग्रामीण अंचल के हजारों लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं का त्वरित लाभ मिल सकेगा।



क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने धौडाई क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की। अब सड़क दुर्घटना, प्रसव पीड़ा तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी राहत मिलेगी। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह सुविधा किसी जीवनरक्षक सेवा से कम नहीं मानी जा रही है। जिला पंचायत सदस्य सुश्री लता कोर्राम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धौडाई क्षेत्र की जनता लंबे समय से 108 एंबुलेंस सेवा की मांग कर रही थी। जनभावनाओं को समझते हुए सरकार ने क्षेत्र की आवश्यकता को प्राथमिकता दी और आज यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि यह सेवा ग्रामीण अंचल के लोगों के लिए संजीवनी साबित होगी और स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती प्रदान करेगी। क्षेत्रवासियों ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में उठाया गया यह कदम ग्रामीण जनता के जीवन को सुरक्षित और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# मितानिनों ने गैरविभागीय कार्य दबाव के विरोध में सौंपा ज्ञापन

- सीएमओ से मिलकर बताई समस्या, दिया मांगपत्र

**फरसगांव।** कोंडागांव के मितानिन संघ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मितानिनों से गैर-स्वास्थ्य एवं गैर-विभागीय कार्य कराए जाने पर आपत्ति जताई गई। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत मितानिनों की भूमिका स्वास्थ्य जागरूकता, समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने तथा प्रशिक्षण आधारित स्वास्थ्य गतिविधियों तक सीमित है।

संघ का कहना है कि वर्तमान में मितानिनों से उनके निर्धारित दायित्वों से अलग विभिन्न प्रशासनिक एवं अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि शासन स्तर पर मितानिनों के एनएचएम में संविलियन की बात कही गई थी। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसके विपरीत मितानिनों पर एनजीओ के साथ कार्य करने हेतु अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है, जिसे संघ ने अनुचित बताया है।

**अधिकृत निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे :** मितानिन संघ का कहना है कि वे शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकृत निर्देशों के अनुसार कार्य करना चाहती हैं, न कि किसी निजी संस्था या एनजीओ के दबाव में। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मितानिन कार्यक्रम तकनीकी सहयोग आधारित व्यवस्था है और मितानिन स्वैच्छिक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती हैं, इसलिए उन पर विभागीय कर्मचारियों की तरह आदेशात्मक या दंडात्मक प्रक्रिया लागू करना उचित नहीं है।

## एक जुलाई से शुरू होगी वीबी–जीरामजी योजना

**कोण्डागांव।** जिले में आगामी 1 जुलाई से वीबी–जीरामजी योजना शुरू की जाएगी। योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा के निर्देश पर मनरेगा अंतर्गत वर्तमान में संचालित सभी कार्योंं को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ग्राम पंचायतों में चल रहे मिट्टी कार्य, डबरी निर्माण तथा अन्य सामुदायिक कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा मस्टररोल फीलिंग एवं मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। 1 जुलाई से लागू होने वाली वीबी–जीरामजी योजना के प्रावधानों के अनुसार आगामी विकास कार्योंं की नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं तकनीकी सहायकों को पंचायतों का नियमित दौरा कर कार्योंं की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

**पेज 11 के शेष**

### पेट्रोलियम की दरें...

अधिकारी घनश्याम सिंह राठौर ने बताया कि शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल पंप में राहत मिल रही है, एक-दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**आटो चालकों की बढ़ी चिंता :** आटो चालक ने बताया कि इस फैसले का सबसे ज्यादा असर टैक्सी और आटो चालकों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले ही सवारियां कम मिल रही हैं और लोग पुराने किराए में ही सफर करना चाहते हैं। उनका कहना है कि आटो की किस्त, घर का खर्च और ईंधन का खर्च संभालना अब मुश्किल होता जा रहा है।

### सैकड़ों ट्रक के पहिए...

पड़ता है। रोजमर्रा के कामकाज, नौकरी और व्यापार करने वाले लोग खासे परेशान हैं। वहीं घरेलू गैस उपभोक्ताओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि गैस बुकिंग कराने के 20 से 25 दिन बाद ओटीपी तो आ जाता है, लेकिन उसके बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। उपभोक्ताओं को बार-बार गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। महिलाओं को खाना बनाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार मजबूरी में लकड़ी और अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने को विवश हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और गैस एजेंसियां समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय पर पेट्रोल, डीजल और गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

**प्रशासन से पहल की मांग :** नागरिकों, ट्रांसपोर्टरों एवं व्यापारियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है। लोगों ने मांग की है कि पर्याप्त मात्रा में ईंधन एवं घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

### बस्तर को विकास की...

नई धारा से जोड़ने सुनहरा समय आरंभ हो गया है। गृहमंत्री के बस्तर आगमन पर उनके स्वागत सहित सभी तैयारियों को योजनाबद्ध रूप से पूर्ण करेंगे। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों में साज सज्जा, ध्वज व होर्डिंग्स लगाने पर चर्चा कर दायित्व सौंपे गये व जिम्मेदारियों को निभाने निर्देशित किया गया।

### उपचुनावः पार्षद प्रत्याशी...

जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और समाधान कराने के लिए प्रयासरत रहूंगा। जनता की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित निराकरण के लिए उपलब्धता, साथ ही महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए वार्ड में उचित कदम उठाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी उपचुनाव में विजय हासिल करेगी।

**मां का दिखा पार्टी के प्रति समर्पण :** इस दौरान पूर्व पार्षद कनीज फातिमा अपने पुत्र रशीद खान के देहांत के बाद हो रहे उप चुनाव में निकली रैली में तेज धूप के बीच पैदल चलकर कलेक्टोरेट पहुंची। छोटे पुत्र अब्दुल सईद मां को सहारा देकर चल रहे थे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, क्रेडा के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, रामशंकर राव, हनुमान द्विवेदी, अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, सुनीता सिंह, सुषमा सुता, अनुराग महतो, कौशल नागवंशी, निकेत राज झा, विशाल खंबारी, रोजवीन दास, राजेंद्र पटवा, हेमू उपाध्याय, ललिता राव, अंजना नाग, शहनाज बेगम सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### पांच बहनों के इकलौते...

जबरदस्त थी कि बाइक को घिसटते हुए ट्रक लगभग सौ मीटर दूर खेत में जा घुसी। इस हादसे में योगेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की खबर लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना कर ट्रक को जब्त कर थाने ले गई। घटना के बाद घटनास्थल में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और कुछ देर के लिए जाम लग गया। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रक को हटाकर आवाजाही बहाल कराया। परपा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सुमीत चन्द्रा ने बताया कि पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है वहीं घटना के बाद फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

**पांच बहनों का इकलौता भाई था योगेश :** पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। डिमरपाल मेडिकल कॉलेज पहुंचे योगेश के परिजनों ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही परिवार तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक योगेश पांच बहनों का इकलौता भाई था, जिसकी मौत की खबर से बहनें सदमे में है तथा उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## 70 देशों की यात्राओं से देश को क्या फायदा हुआ बताएः कांग्रेस

# कांग्रेस सरकार में महंगाई को डायन बताने वाली भाजपा के12 साल के कार्यकाल में 50 गुना से ज्यादा बढ़ी महंगाई

**नारायणपुर।** देश मे गैस पेट्रोल डीजल की किल्लत होने महंगाई बढ़ने जैसे संकट के बीच आज फिर से भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मोदी सरकार अपने विफलता को छुपाते हुए इस समस्या को देश की जनता पर थोप के पाँच देश की यात्रा पर निकल गए है, जिला कांग्रेस कमेटी ने आज राजीव भवन मे प्रेस आयोजित किया इस प्रेस कॉन्फ्रेंस मे कांकेर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेश ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान, शहर अध्यक्ष रघु मानिकपुर एवं कांग्रेस वक्ताओ की उपस्थिति मे मोदी सरकार के विफलताओं को रखा! कांकेर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा की 70 साल तक देश मे कांग्रेस की सरकार रही फिर भी कभी 50 प्रतिशत महंगाई नहीं बढ़ी और भाजपा सरकार तो महंगाई कम करने सरकार मे आयी थी लेकिन मै आपको बताना चाहता हु की भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी देश मे अच्छी सरकार चला ही नहीं सकती लगतार महंगाई बढ़ी है, 12 साल के कार्यकाल मे ही सोना तेल, आटा दाल, चावल, मे लगभग 22 प्रतिशत से 50 प्रतिशत महंगाई बढ़ा है जो भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी




चुनाव मे कहते थे कांग्रेस का सरकार बन जायेगा तो गले से सोना छीन लेंगे लेकिन वही प्रधानमंत्री के 12 साल के कार्यकाल मे ही सोना 28000 से सीधा 1,60,000 रूपए का हो गया और अब तो प्रधानमंत्री देश की जनता से कह रहे है एक साल सोना मत खरीदो, प्रधानमंत्री हर समस्या को देश की जनता पर थोप देते है, भाजपा सरकार का हर क्षेत्र विफलताओं से भरा है चाहे गैस पेट्रोल डीजल की बात हो जाये चाहे किसानो की बात हो जाये आज रासायनिक उर्वरक देश मे 70 लाख मेट्रिक टन की खपत है फिर भी 5-6 हजार मेट्रिक टन तक पहुंचना इससे किसानो की आय दुगना कैसे होगा और कब किसानो का आय दुगना होगा देश के किसानो को बताना चाहिए, भाजपा और मोदी सरकार से आज इस देश का अंतिम व्यक्ति श्रस्त हो चूका है और आज परेशान है! कांग्रेस वक्ताओ ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी अमेरिका राष्ट्रपति के समक्ष सरेंडर हो चुके है ट्रम्प के डर के कारण रशिया और ईरान से सम्बन्ध ख़राब कर चुके है, वही मोदी सरकार ने 12 साल के कार्यकाल मे एक भी तेल भंडारण नहीं बना सकी आज भी कांग्रेस सरकार के द्वारा बनाया गया तेल भंडारण तेल भंडार किया गया था! प्रेस वार्ता मे प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष पंडी वड्डे, महासचिव एवं शहर कांग्रेस प्रभारी रवि देवांगन, महासचिव शेख तौहीद, अमित भद्र, संजय राय, कोषाध्यक्ष वीपी शुक्ला, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, छोटे डोंगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश कश्यप, महासचिव शब्बीर बढ़गुजर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय, राकेश केशरिया, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे!

**खबर संक्षेप**

## सुशासन शिविर व्यवस्था पर गंभीर सवाल : डोमुधर



**घाटलोहंगा।** बस्तर के विकासखंड बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े जीराखाल में 15 पंचायतों का सुशासन शिविर आयोजित किया गया। किन्तु जिला प्रशासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना देखने को मिली। शिविर में कई विभागों के कर्मचारी केवल खानापूर्ति करते नजर आए। वहीं खादी ग्रामोद्योग एवं जिला उद्योग विभाग से एक भी कर्मचारी उपस्थित नहीं रहे। इन विभागों की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों एवं ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। 15 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं बेरोजगार युवाओं की मांग है कि खादी ग्रामोद्योग एवं जिला उद्योग विभाग को पुनः विशेष शिविर आयोजित करनी चाहिए। जिसकी तिथि निर्धारित कर जनपद पंचायत के माध्यम से सभी पंचायतों को सूचित किया जाए। जनता अब विभागीय लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई आवश्यक है।

## आवारा श्वानों का धर पकड़ अभियान जारी

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय नगरीय निकाय बड़े बचेली एवं दंतेवाड़ा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार बचेली एवं दंतेवाड़ा में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या के संबंध में नगर पालिका परिषद द्वारा शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही नियमित रूप से की जाती है। पकड़े गए कुत्तों के संबंध में शासन के नियमानुसार उचित प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, नसबंदी एवं आवश्यकतानुसार सुरक्षित स्थान पर रख-रखाव की कार्यवाही सम्मिलित है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद नागरिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है तथा जिला प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग के समन्वय से सतत कार्यवाही कर रही है।

# मूंग व रागी की खेती से बढ़ेगी किसानों की आय: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने विकासखंड गीदम के ग्राम कारली क्षेत्र का दौरा कर किसानों के खेतों में पहुंचकर मुंग एवं रागी की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में फसलों की स्थिति का अवलोकन करते हुए किसानों से सीधे संवाद कर खेती में अपनाई जा रही तकनीकों, उत्पादन क्षमता एवं आने वाली चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। इस निरीक्षण के दौरान सीईओ ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ पोषक एवं लाभकारी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रागी सहित अन्य मोटे अनाज एवं दलहन फसलें स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी हैं तथा इनकी बाजार में मांग भी लगातार बढ़ रही है। ऐसी फसलें किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मिलेट्स एवं दलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शासन लगातार प्रयास कर रहा है। किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आधुनिक एवं उन्नत खेती की ओर बढ़ना चाहिए।

सीईओ ने संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए तथा गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं आवश्यक कृषि संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खेती में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, जल संरक्षण आधारित खेती तथा जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में रागी एवं अन्य मिलेट्स फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर कृषि आधारित आजीविका को मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

# राष्ट्रीय पटल पर दंतेवाड़ा के जिला चिकित्सालय को मिला गुणवत्ता प्रमाणन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, बेहतर प्रबंधन और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की उत्कृष्टता का प्रमाण मानी जा रही है।

■ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मिली नई पहचान

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। जिला चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा अस्पताल का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्टाफ, संसाधन, दवाइयों की उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता, कार्यकुशलता, स्वच्छता एवं मरीजों की संतुष्टि जैसे विभिन्न बिंदुओं पर गहन निरीक्षण और सर्वे किया गया। सभी मानकों में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जिला चिकित्सालय को यह प्रमाणन प्राप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि एनक्यूएएस स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता सुधार के लिए तैयार किया गया एक राष्ट्रीय फ्रेमवर्क है, जिसके माध्यम से अस्पतालों में मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाती हैं। इस प्रमाणन के बाद जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि जिले में एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए विशेष तैयारी के साथ कार्य किया जा रहा है।

आने वाले समय में जिले के 40 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी एनक्यूएएस मानकों के अनुरूप विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी एवं जिला क्वालिटी सलाहकार अंकित सिंह ने लगातार तकनीकी एवं प्रबंधन स्तर पर तैयारी की जा रही है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अभय प्रताप तोमर ने कहा कि एनक्यूएएस प्रमाणन मिलना जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकेगा।

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सकों, वार्ड प्रभारियों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं हाउसकीपिंग टीम को शुभकामनाएं दीं। साथ ही तकनीकी सहयोग के लिए वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन एवं यूनिसेफ का आभार व्यक्त किया।

## 265 आवेदनों पर की गई कार्यवाही



**दंतेवाड़ा।** कटेकल्याण ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोखपाल में सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोखपाल, बड़ेगुडरा, छोटेगुडरा, माहराकरका, तेलम, एटेपाल और पखनाचुआ ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच उपस्थित हुए। प्राथमिक शाला मोखपाल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों का अभिनंदन किया। मौके पर शिविर में खाद्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को राशन कार्ड,मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 हितग्राही को जाल एवं किट, परिवहन विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों का ड्राइविंग लाइसेंस प्रदाय किया गया। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा 5 वीं से 12 वीं तक मेरिट में आये बच्चों को सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 265 आवेदन प्राप्त हुए आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्यवाही की गई।

# किरंदुल परियोजना ने सामुदायिक विकास व ग्रामीण उन्नयन में जीता गोल्ड अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल

बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को सामुदायिक विकास एवं ग्रामीण उन्नयन श्रेणी के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा 12वें सीएसआर इंडिया अवार्ड का पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कमलेश्वर शरण, अध्यक्ष एवं सीईओ, ग्रीनटेक फाउंडेशन तथा एनटीपीसी परियोजना प्रमुख जगदीशचंद्र शास्त्री भामीडीपाटी, अधिशासी निदेशक तथा डॉ. प्रोफेसर आरके दुबे, पूर्व सीएमडी, केनरा बैंक उपस्थित थे। इस दौरान बीआईओएम, किरंदुल कॉम्प्लेक्स को सामुदायिक विकास एवं ग्रामीण उन्नयन श्रेणी के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। परियोजना की ओर से यह अवार्ड केपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन और सुखराम गावडे, प्रबंधक सिविल सीएसआर ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों की सराहना करते हुए सामुदायिक विकास एवं ग्रामीण उन्नयन के क्षेत्र में किरंदुल परियोजना को मिली इस उपलब्धि के लिए भविष्य में भी कार्य करने की बात कही है।

# बिहान समूह की दीदियों ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर



चमिया में सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में बिहान समूह की दीदियों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाकर विक्रय किया। स्टॉलों पर स्थानीय व्यंजनों की झलक देखने को मिली। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों ने शिविर का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का जायजा लिया और क्रय कर विभिन्न पेय व खाद्य सामग्री का स्वाद लिया। जनप्रतिनिधियों ने बिहान दीदियों से चर्चा कर उनके उत्पादों व विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल से दीदियों को आय का साधन मिला है। इस दौरान जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, बीपीएम अमित कुजूर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी स्टॉलों से व्यंजनों की खरीदारी की।

# आवापल्ली में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक उसूर के ग्राम आवापल्ली में कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर ने वैज्ञानिकों एवं किसानों की संगोष्ठी का आयोजन किया। यह अभियान 5 से 20 मई तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवाएं के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में दल प्रमुख डॉ. शमशेर आलम ने किसानों को खरीफ फसलों में नवीन तकनीकों एवं आधुनिक कृषि नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बीज उपचार, मृदा परीक्षण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जैविक उर्वरकों के उपयोग, ग्रीष्मकालीन जुताई, रोग एवं कीटों के जैविक प्रबंधन, पौध संरक्षण तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# दूसरे दिन भी पेट्रोल संकट बरकरार, सुबह 6 बजे से लगी लंबी लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा



जिले में पेट्रोल और डीजल की किल्लत लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। पेट्रोल पंपों में सुबह 6 बजे से ही लंबी कतारें लग गईं। पहले दिन की तुलना में दूसरे दिन वाहनों की लाइन और भी लंबी देखने को मिली। लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी सीमित मात्रा में ही पेट्रोल दिया गया। बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित प्रबल पेट्रोल पंप में बाइक चालकों को मात्र 100 तक का पेट्रोल दिया गया, जबकि बड़े वाहनों और ट्रैक्टरों को भी सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध कराया गया। पेट्रोल पंपों में बढ़ती भीड़ और ईंधन की कमी के चलते कई जगहों पर बहस और नाराजगी का माहौल बना रहा। इंतजार में खड़े लोगों के बीच सरकार के प्रति गुस्सा और नाराजगी भी खुलकर देखने को मिली। जानकारी के अनुसार डीजल की कमी का सबसे ज्यादा असर किसानों, ट्रैक्टर चालकों और परिवहन कार्य से जुड़े लोगों पर पड़ रहा है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में खेती और माल परिवहन का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं मजदूर वर्ग की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। ईंट जोड़ाई, निर्माण कार्य और राजमिस्त्री का काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि डीजल-पेट्रोल की कमी के कारण निर्माण कार्य धीमे पड़ गए हैं। कई जगहों पर काम बंद होने की स्थिति बन गई है, जिससे मजदूरों की रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पर्याप्त ईंधन नहीं मिलने के कारण लोगों को कई किलोमीटर दूर दूसरे पेट्रोल पंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। बावजूद इसके वहां भी घंटों लाइन में लगने के बाद सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य कराने की मांग की है।

# इलेक्ट्रिक कार खरीद सांसद ने दिया ईंधन बचाने का संदेश



**बिजनेस साइट**

**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप ने शुक्रवार को शहर के महिंद्रा शोरूम बीआर बालाजी एलएलपी से महिंद्रा एक्सईव्ही 9ई पैक थ्री इलेक्ट्रिक कार खरीदी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए अब समय आ गया है कि प्रदेशवासी भी इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर कदम बढ़ाएं। सांसद ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन न केवल किफायती हैं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन ही भविष्य हैं, इसलिए सभी को धीरे-धीरे पेट्रोल और डीजल वाहनों के बजाय इलेक्ट्रिक के दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों को अपनाना चाहिए।

■ बीआर बालाजी एलएलपी के ऑनर्स थे मौजूद

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों के उपयोग से ईंधन खर्च में कमी आएगी और प्रदूषण भी कम होगा, जिससे देश को स्वच्छ और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बीआर बालाजी एलएलपी के स्टाफ और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना से निशा को मिला संबल



**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए जनकल्याणकारी है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सुरक्षित प्रसव हेतु प्रोत्साहित करना है। बीजापुर के नैमेड में स्थित चांदनी चौक आंगनबाड़ी केंद्र की हितग्राही निशा पटेल पति अर्जुन पटेल एवं सास तीजबाई पटेल इस योजना से लाभान्वित होकर सुरक्षित मातृत्व की प्रेरणादायक मिसाल बनी हैं। गर्भावस्था की जानकारी प्राप्त होते ही उनका पंजीयन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक गीता कन्नौजे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज नेताम तथा सहायिका सम्मी ध्रुव ने उन्हें नियमित रूप से पोषण, प्रसवपूर्व जांच, आयरन-फोलिक एसिड सेवन, संस्थागत प्रसव तथा शिशु देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। मार्गदर्शन के दौरान निशा को आहार में विविधता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें रेडी टू ईट से बनने वाले पौष्टिक व्यंजन जैसे लड्डू, खीर, हलवा, चीला, पंजीरी और दलिया को दैनिक भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई।

# सुशासन तिहार में उमड़ी भीड़, वार्ड 3, 4 और 5 के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली



राज्य शासन के सीधा जनता से संवाद अभियान के तहत पूरे प्रदेश में आयोजित हो रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत 14 मई को नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के मंगल भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 3, 4 और 5 के नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया गया।

शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक विभाग सीधे जनता से रूबरू हुआ, शिविर में मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यों हेतु स्टॉल लगाए गए थे, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आधार अपडेशन/सिडिंग, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत विभाग की समस्याएँ, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और श्रम विभाग की योजनाएँ, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पेंशन व अन्य हितग्राही मूलक कार्य।

### 66 आवेदन प्राप्त, मौके पर हुई समीक्षा

कार्यक्रम में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 58 आवेदन विभिन्न मांगों से संबंधित थे और 8 आवेदन शिकायतों के रूप में दर्ज किए गए। नगर पालिका प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, पार्षद सलीम रजा उस्मानी, विजय भोगामी, बिना साहू एवं झीलकी नाग सम्मिलित हुए। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से भेंट कर उनकी मांगों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रशासनिक स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी, विद्युत विभाग के जेई गौरव देवांगन सहित महिला बाल विकास व नगर पालिका के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




**// आम सूचना //**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र कोण्डागांव के अंतर्गत अटल आवास योजना नारायणपुर में निर्मित भवन क्रमांक-A.A.-198 श्रीमति सुकड़ी बाई वड्दा को आबंटित है। आवेदक (आबंटी का पति) श्री केयेराम वड्दा पिता श्री कोहलाराम वड्दा द्वारा इस कार्यालय में आवेदन कर अवगत कराया गया कि भवन के मूल आंबटी श्रीमति सुकड़ी बाई वड्दा का स्वर्गवास दिनांक 25.05.2009 को हो चुका हैं। आवेदक द्वारा आवेदन में निवेदन किया है कि उक्त भवन उनके नाम पर नामांतरण किया जाए जिसके लिए उन्होने आवेदन के साथ अपने पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र, स्वंय का शपथ पत्र एवं पुत्र/पुत्री (दुकारू राम वड्दा, एवं मैनी वड्दा) का सहमति पत्र, व अन्य दस्तावेज संलग्न किये है।

अतः आवेदक के आवेदन अनुसार उक्त भवन आवेदक श्री केयेराम वड्दा के नाम पर नामांतरण करने की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तिय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उक्त भवन में आवेदक का नाम पर नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव**
**जिला-कोण्डागांव छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / 202604200100027 /
अ-21 (2) / 2025-26
मौजा-करंजी तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / विक्रेता अनस खान पिता बी.ए. खान, जाति मुसलमान निवासी विकास नगर कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव के नाम से ग्राम करंजी, प.ह.न.-29 करंजी स्थित परिवर्तित भूमि ख.न. 86/53 रकबा 0.060 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वादभूमि को आवेदक स्वयं के व्यापार हेतु राशि की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक / प्रस्तावित क्रेता श्रीमती निलिमा हेडउ पति संजीव कुमार जाति तेली निवासी मिग 1/13, कधब कालोनी, कबीर नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को विक्रय किए जाने की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला कोण्डागांव के रा.प्र.क्र. 202604200100027 / अ-20(2) / 25-26 में पंजीबद्ध कर जाँच प्रतिवेदनार्थ हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 26.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया
पेशी तिथि - 26.05.2026
जारी तिथि -11.05.2026

मुहर **तहसीलदार**
**कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 5/05/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आदेश कश्यप पिता कोयतर जाति माहरा निवासी ग्राम राजुर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादी मंगलदई/पति तुलसी का मृत्यु तिथि 23/02/2017 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत राजुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 19/05/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 5/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 19/5/2026

मुहर **तहसीलदार**
**तोकापाल**

**खबर संक्षेप**

## तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान का हुआ आगाज

जगदलपुर। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान का आगाज किया गया। यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के बालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने सभी जिलो के तीन भारत स्काउट्स-गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स शामिल हुए। बस्तर जिले से जिला संगठन आयुक्त दशरू यादव, गाइडर भूमिका दास निषाद, इंद्रो टेकाम, सुस्मिता कश्यप सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की आवश्यकता है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से शुरू हुई यह मुहिम पूरे छत्तीसगढ़ में चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया जाएगा। यह जानकारी मनोज महापात्र जिला मुख्य आयुक्त स्काउट ने दी है।

## प्रधानमंत्री के बयान के बाद भय की स्थिति

जगदलपुर। बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी



बयान में कहा कि प्रधानमंत्री के अपील के कारण पूरे देश में भय की स्थिति है। लोग पेट्रोल डीजल के संकट के भय से ग्रसित होकर पंपों पर लाइन लगा रहे हैं। दूसरी तरफ पेट्रोल पंपों का ड्राई हो जाना भी लोगों में भय का बड़ा कारण बना है। सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक है तो सरकार सप्लाई को सुचारू क्यों नहीं कर पा रही, यदि सभी पंपों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मिलेगा तो लोग कतार में नहीं लगेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को पेट्रोल-डीजल का रेट बढ़ाना था इसलिये मायाजाल रचा गया। इसने जनता को परेशान कर दिया। यह केंद्र सरकार का फॉमूर्ला था पहले डर फैलाओ, फिर जेब काटो।

# अभिभावकों व शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर दिया बल

## शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज में हुआ पेरेंट्स-टीचर मीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पेरेंट्स-टीचर मीट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही अभिभावकों से अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करने का आग्रह किया। बैठक में अभिभावक विक्रम-सीमा शर्मा, सोजो महानंद, किरण गुप्ता, प्रत्युष सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। एलएलबी के एक छात्र के अभिभावक विक्रम ने अपने महाविद्यालयीन दिनों को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं एलएलबी की छात्रा दुर्गा की बहन सोजो महानंद ने शिक्षकों की सहयोगात्मक भूमिका की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को जीवन के स्वर्णिम छात्रकाल का भरपूर आनंद लेने की सलाह दी। एलएलबी की एक छात्रा की सास किरण गुप्ता ने विवाहित विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी संचालित करते हैं। कॉमर्स के एक छात्र के भाई प्रत्युष ने शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे उचित मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष दीपिका दड़सेना ने किया, जबकि मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक घनश्याम ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया। सहायक प्राध्यापक विमल कुमार रात्रे, विभागाध्यक्ष वानिकी एवं आईक्यूएसी समन्वयक ने कार्यक्रम का समापन करते हुए नैक संबंधी जानकारी प्रदान की तथा अभिभावकों को महाविद्यालय में संचालित आईकेएस केंद्र का भ्रमण कराया।



### विद्यार्थियों के कल्याण पर सोचे

प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुशील कुमार दत्ता ने कहा कि खुला एवं उदार वातावरण ही वास्तविक ज्ञान प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ बिना किसी श्रेष्ठताबोध के व्यवहार करने की सलाह दी, जिससे शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच बेहतर संबंध स्थापित हो सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कल्याण के बारे में सोचना शिक्षक का कर्तव्य है।

## मैदान का चयन खेल में रूचि और सामर्थ्य के अनुसार किया जा रहा

# ग्रीष्म अवकाश में प्रतिभा निखारने विद्यार्थी कर रहे कड़ा अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर जिले के खेल मैदान इन दिनों युवाओं के उत्साह और खेल के प्रति उनके समर्पण से गूंज रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शहर के विभिन्न खेल मैदानों में शुरू किया है। 6 मई से शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर 26 मई तक चलेगा। जिसमें सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग के बालक व बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खिलाड़ियों के शारीरिक विकास और खेल कौशल को निखारने के लिए प्रतिदिन दो पालियों में अभ्यास सत्र आयोजित किया जा रहा है। सुबह 6 से 8 बजे तक और शाम 5 से 7 बजे तक चल रहा है। जिससे अनुकूल मौसम में खिलाड़ी ऊर्जा के साथ खेल सीख रहे हैं। इस दौरान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय और सटीक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए खेलों के पीटीआई तथा क्षेत्र के अनुभवी खिलाड़ी सेवाएं दे रहे हैं, जो युवाओं को खेल की बारीकियों के साथ-साथ अनुशासन का पाठ भी पढ़ा रहे हैं।

**प्रियदर्शिनी स्टेडियम और क्रीड़ा परिसर में अलग खेल का अभ्यास :** इन्दिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बैडमिंटन, शतरंज, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, कराटे, जूडो, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस और एथलेटिक्स जैसे कई लोकप्रिय खेलों का प्रशिक्षण एक साथ दिया जा रहा है। वहीं क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में कबड्डी, आर्चरी और हैण्डबॉल के खिलाड़ी पसीना बहा रहे हैं। जबकि पंडरीपानी स्थित हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र में हॉकी का अभ्यास चल रहा है।

### सर्वश्रेष्ठ बालक बालिका खिलाड़ी का होगा सम्मान

पुलिस लाइन में वॉलीबॉल, बस्तर हाई स्कूल में सॉफ्टबॉल और शहीद पार्क के पीछे कराटे की कक्षाएं लग रही हैं। रोमांचक खेलों के शौकीनों के लिए इन्द्रावती नदी के पुराने पुल के पास कयाकिंग कैनोइंग का साहसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जबकि फुटबॉल के क्रेज को देखते हुए सिटी ग्राउंड डिमरापाल और लालबाग ग्राउंड में विशेष प्रशिक्षण सत्र चल रहे हैं। इसके साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा के मैदान में खिलाड़ी रग्बी खेल का कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। प्रत्येक खेल से एक होनहार बालक और एक बालिका खिलाड़ी का चयन कर उन्हें विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

# 6.15 लाख के मादक पदार्थ के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए

- ओडिशा बार्डर में जांच के दौरान नगरनार पुलिस ने की कार्रवाई

नगरनार पुलिस ने ओडिशा बार्डर से अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.15 लाख रूपए का गांजा व नगद रकम बरामद कर जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी की ओडिशा बार्डर में एक संदिग्ध अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर वाहन की तलाश में धनपूंजी आरटीओ नाका के पास खड़ा है। टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एनएच 63 में पहुंचकर वाहन का इंतजार कर रहे एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश मेघवाल 20 वर्ष निवासी ग्राम खारीगुर्द थाना कडवड तहसील बावरी जिला जोधपुर राजस्थान का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से बोरी में रखा 12.310 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 6 लाख 15 हजार रूपए तथा नगद 2350 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, आरक्षक विक्रम उरांव, बलराम कश्यप, सैनिक देवनाथ बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**कांग्रेस के वार्ड में भाजपा के विधायक और महापौर की प्रतिष्ठा दांव पर**

# नगर निगम बनने के 2 दशक बाद भी इंदिरा वार्ड में नहीं खिला कमल

## उप चुनाव में जीत बनाए रखने के लिए कांग्रेस के वार्ड के दिग्गजों पर बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम का दर्जा शहर को 2003-04 में मिला था। उस समय से ही इंदिरा वार्ड में कांग्रेस लगातार जीतते आ रही है। वह भी एक ही परिवार के मां बेटे ने कांग्रेस की जीत को बनाए रखा है। वार्ड के जुझारू, सक्रिय और मिलनसार पार्षद रहे रशीद खान के निधन के बाद यहां उप चुनाव हो रहा है। कांग्रेस के लिए जीत के क्रम को बरकरार रखना और भाजपा के लिए नगर सरकार में काबिज होने के कारण जीत हासिल करना प्रतिष्ठा का सवाल है। वार्ड में लगातार जीत हासिल करने और महिला सीट होने पर मां को जीताने वाले रशीद खान को लोग आज भी याद करते हैं। महापौर भले ही भाजपा के रहे हों तब भी उन्होंने यहां से लगातार जीत हासिल कर कांग्रेस का परचम लहराया था। पहली महापौर गीतेश मल, उसके बाद किरण देव, जतीन जायसवाल, सफीरा साहू और अब संजय पाण्डेय के समय भी कांग्रेस के पार्षद की जीत से यह स्पष्ट है कि यह वार्ड कांग्रेस के लिए न केवल महत्वपूर्ण है बल्कि जनता के साथ रहने का क्रम लगातार बनाए रखा था। यही कारण है कि इस बार कांग्रेस ने दिवंगत पार्षद के नजदीकी रामकृष्ण तिवारी को टिकट दिया है जिन्हें पूर्व पार्षद की मां और छोटे भाई ने भी नामांकन के वक्त शामिल होकर अपना पूरा समर्थन दे दिया है। यह उप चुनाव भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और स्थानीय विधायक किरण सिंह देव एवं महापौर संजय पाण्डेय के साथ साथ इसी वार्ड के कांग्रेस के दो बड़े नेता मिथिलेश स्वर्णकार एवं रेखचंद जैन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। कांग्रेस प्रत्याशी पहले घोषित कर एक कदम आगे चल रही है। वहीं भाजपा हर पहलुओं पर बारिकी से ध्यान देते हुए कांग्रेस के लगातार जीत के क्रम को तोड़ने के लिए ऐसे प्रत्याशी की तलाश कर रही जिसका वार्ड में अच्छा खासा साख हो। जनता के बीच छवि बढ़िया हो और वह लोगों के बीच हमेशा उठने बैठने वाला जाना पहचाना नाम हो। भाजपा हर हाल में यहां जीतना चाहेगी। क्योंकि केवल एक सीट पर यहां चुनाव हो रहा है इसलिए साम दाम दंड भेद को झोंकने में किसी तरह की कमी नहीं होगी। नगर सरकार के साथ प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है इसलिए यह उपचुनाव हाईप्रोफाइल हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी बस्तर जिले के हैं इसलिए वे भी यहां जीत को बरकरार रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।











### लगभग 1550 मतदाता करेंगे फैसला

इंदिरा वार्ड में शिक्षित और व्यवसायी वर्ग अधिक है इसलिए यहां मतदाताओं को प्रलोभन देकर जीत हासिल करना बेमानी है। यहां मुस्लिम, ब्राम्हण और जैन समाज की बहुलता है। रशीद खान मुस्लिम होने के बावजूद अपने काम से सभी वर्ग और समाज में बराबर का दखल रखते थे। उनका मिलनसार व्यवहार जो एक पार्षद का खास गुण होता है उनमें था। इसलिए 25 साल से वे लगातार जीत कर वार्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। यहां के लगभग 1550 मतदाता पार्षद का चयन करेंगे। निर्दलीय की संख्या भी इस चुनाव में हार जीत के परिणाम को प्रभावित कर सकती है। भाजपा कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला होगा लेकिन अन्य राजनीतिक दल भी कुछ कमाल कर सकते हैं।

### 48 वार्ड में भाजपा के 30

अभी तक के 5 चुनाव मे 3 बार भाजपा और 2 बार कांग्रेस नगर सत्ता में रही है। इनमें 2 बार महिला गीतेश मल भाजपा तथा सफीरा साहू कांग्रेस की मेयर रही। बाद में सफीरा ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस के मेयर रहे जतीन जायसवाल भी आज के नामांकन रैली में शामिल रहे यानि ये भी यहां कांग्रेस की जीत को कायम रखने पूरा समय और ताकत लगाएंगे। 48 में 30 वार्ड में भाजपा के तथा सुभाष वार्ड और जवाहर नगर वार्ड में निर्दलीय पार्षद चुने गए है। इस तरह 47 में 15 में कांग्रेस के पार्षद है।

# अंतिम छोर तक पहुंचने में डाक विभाग निभाए अहम भूमिका : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




डाक विभाग ने बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें बस्तर संभाग के 180 ग्रामीण डाक सेवकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अग्रिम पंक्ति के डाक कर्मियों की क्षमता सुदृढ़ करना तथा क्षेत्र में वित्तीय समावेशन, बीमा कवरेज और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इंडिया पोस्ट की भूमिका को मजबूत करना था।

- संभाग के 180 ग्रामीण डाक सेवकों ने लिया भाग

कार्यशाला की अध्यक्षता जितेन्द्र गुप्ता महानिदेशक डाक सेवायें ने की। उनके साथ अजय सिंह चैहान मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ तथा डाक विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए महानिदेशक ने कठिन परिस्थितियों में आवश्यक डाक एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों के समर्पण और दृढ़ता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बस्तर, जो हाल ही में वामपंथी उग्रवाद की छाया से बाहर आया है, अब शांति, विकास और अवसर के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने इस परिवर्तन को सुदृढ़ करने में इंडिया पोस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया, विशेषकर अंतिम छोर तक सरकारी सेवाओं, वित्तीय उत्पादों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में।

उन्होंने बस्तर के एक आकांक्षी संभाग होने के महत्व को रेखांकित करते हुए जीडीएस को वित्तीय साक्षरता और बीमा कवरेज बढ़ाने तथा बचत और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुगम बनाने के लिए परिवर्तन के संवाहक के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के जरिये दिये गये टारगेट को पुरा करने के महत्व को रेखांकित किया।

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल छत्तीसगढ़ ने सेवा गुणवत्ता में सुधार, ग्राहक पहुंच के विस्तार तथा डाक सेवाओं के प्रभावी उपयोग तथा किये गये कार्यों के भावी पीढ़ी को होने वाले लाभ तथा राष्ट्र निर्माण में इसके असर को रेखांकित किया।

यह जानकारी मोहम्मद नियाजुद्दीन ने दी।

## रेलवे लाइन के करीब रहने वाले आधा दर्जन गांव में पहुंची आरपीएफ

# आरपीएफ ने ग्रामीणों को नशीले पदार्थ, मानव तस्करी के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






आरपीएफ द्वारा शुक्रवार को रेल लाईन के करीब रहने वाले आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों को रेलवे पटरियों पर बिना परमिशन के घुसने और उससे होने वाली खतरों के अलावा नशीले पदार्थ व मानव तस्करी की जानकारी देकर जागरूक किया गया। विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा व मदद के लिए जारी मेरी सहेली एप की जानकारी दी और हर सभंव मदद के लिए आश्वस्त किया। आरपीएफ इंसपेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि रेलवे सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत लगातार रेल पटरी के किनारे निवासरत गांव के ग्रामीणों व रेल यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।

अभियान के तहत शुक्रवार को रेलवे सुरक्षाबल के प्रधान आरक्षक एन पात्रा, एके टाकरी व टीम द्वारा ग्राम आमागुड़ा, नकटी सेमरा, बम्हनी, एलसी गेट व केके 74 के इलाके में वृहद जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को ट्रैक सुरक्षा, महिला सुरक्षा और मानव तस्करी के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीणों, सड़क उपयोगकतार्ओ एवं स्थानीय नागरिकों को रेलवे सुरक्षा तथा कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों व यात्रियों को रेलवे ट्रैक पर अनाधिकृत रूप से आवागमन (ट्रेसपासिंग) और उससे होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाते हुए ऐसे मामलों की पहचान करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी गई। जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों को रेलवे अधिनियम से जुड़े अपराधों, नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन एवं उपयोग के खिलाफ भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों से अपील की गई कि रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल आरपीएफ या रेलवे अधिकारियों को दें।

### मेरी सहेली एप की दी जानकारी

अभियान के दौरान महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए जारी मेरी सहेली पहल की जानकारी साझा की गई। महिलाओं को बताया गया कि रेल में यात्रा के दौरान किसी भी तरह की मदद की जरूरत होने पर इसकी मदद ली जा सकती है जिससे आपको तत्काल मदद मिलेगी। इसके अलावा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, फाटक संकेतों का पालन करने का महत्व तथा दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान गांव के सरपंच, वार्ड पचों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक भी आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा और संरक्षा बनाए रखने के लिए जनसहयोग मांगा गया। ग्रामीणों ने इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में आरपीएफ को पूर्ण सहयोग देने आश्वस्त किया।

